शहर में मना विश्व पर्यावरण दिवस



## रमौआ जलाशय पर श्रमदान, आनंद पर्वत पर पौधरोपण और ई-वाहन रैली से किया जागरूक

ग्वालियर, 05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज कलेक्टर रुचिका चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन, नगर निगम, सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों और आम नागरिकों ने मिलकर ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन, ऊर्जा बचत और हरित विकास का प्रभावी संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

### रमौआ जलाशय पर श्रमदान से दिया जल संरक्षण का संदेश

दिन की शुरुआत रमौआ जलाशय पर व्यापक स्वच्छता अभियान से हुई। सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस अभियान में सैकड़ों नागरिकों ने श्रमदान कर जलाशय के घाटों और आसपास फैले कचरे को हटाया। लोगों ने दस्ताने पहनकर पूजन सामग्री, पॉलीथिन, कपड़े और अन्य अपशिष्ट एकत्रित किए। अभियान के दौरान 6 से 7 डंपर कचरा हटाया गया। इस जन-अभियान से प्रभावित होकर स्थानीय ग्रामीण भी सफाई कार्य में शामिल हुए और भविष्य में जलाशय को स्वच्छ बनाए रखने तथा उसमें कचरा फेंकने वालों को रोकने का संकल्प लिया।

### आनंद पर्वत पर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

शहर की बंजर पहाड़ियों को हरियाली से आच्छादित करने के संकल्प के साथ यहाँ प्रतीक स्वरूप 101 पौधे रोपे गए। कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव सहित अन्य अधिकारियों एवं नागरिकों ने पौधरोपण कर वर्षाकाल में होने वाले व्यापक वृक्षारोपण अभियान की सामूहिक तैयारी का संदेश दिया। साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

### ई-बाइक एवं सीएनजी वाहन रैली से स्वच्छ ऊर्जा का संदेश

पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के लिए आलापुर नीलकंठ तिराहे से बाल भवन तक ई-बाइक, ई-स्कूटी तथा सीएनजी वाहनों की रैली निकाली गई। कलेक्टर रुचिका चौहान और नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग 300 से अधिक नागरिकों की सहभागिता वाली यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए बाल भवन पहुँची। रैली के माध्यम से पेट्रोलियम पदार्थों की बचत, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया गया।




## शहीद भगत सिंह मंडल में वृक्षारोपण हुआ

प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर, विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित '12 साल बेमिसाल' की उपलब्धि के उपलक्ष्य में, तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन शहीद भगत सिंह मंडल के अध्यक्ष मुकेश दुबे के नेतृत्व में अल्पना टॉकीज के सामने संजय नगर पार्क मुरार में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा मंडल अध्यक्ष मुकेश दुबे, पार्षद अरविंद शर्मा, मंडल महामंत्री शेरसिंह नरवरिया, मंडल महामंत्री बसंत गर्ग, उपाध्यक्ष रवि पचौरी, मंत्री प्रिंस सिकरबार, मंत्री धीरजपाल, मंत्री प्रशांत अग्रवाल, कार्यालय मंत्री अवधेश पटसारिया, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, अन्नू सविता, लखन रजक, संजय खटीक, सक्षम मिश्रा, रंजीत श्रीवास एवं मंडल के देवतुल्य कार्यकर्ताओ ने एक पेड़ नाम के नाम लगाया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर मेला परिसर में हुआ पौधरोपण

ग्वालियर, 05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन एवं उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक शर्मा, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, जीडीए के उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे व सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया एवं सर्व धर्मेन्द्र तोमर, राजू पलैया व विवेक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणों ने पौधे रोपे।



## बीआईएमआर हॉस्पिटल ने जन जागरूकता रैली में भाग लिया

ग्वालियर। विश्व पर्यावरण दिवस पर म.प्र. प्रदूषण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित जागरूकता रैली में बीआईएमआर हॉस्पिटल एवं बी आईएमआर नर्सिंग कॉलेज द्वारा शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन तथा विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से शामिल होकर जनभागीदारी निभाने का सतत प्रयास किया है। रैली प्रात: 7 बजे फ्लैग पाइंट, छत्री के सामने (कटोराताल) से प्रारम्भ होकर फूलबाग पर समाप्त हुई। रैली में व्हीआईएसएम हॉस्पिटल एवं नर्सिंग कॉलेज के स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रतिभा का प्रोत्साहन ही राष्ट्र निर्माण की नींव : तोमर

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'एमिटी स्कॉलर्स अवार्ड-2026' समारोह में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

▸ **एमिटी स्कॉलर्स अवार्ड-2026 में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान**

किया गया। शिक्षा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं को प्रेरित करने वाले इस विशाल आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का माध्यम भी है। एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास युवाओं में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना विकसित करते हैं। शिक्षा ही वह शक्ति है जो जीवन को दिशा देती है और राष्ट्र के भविष्य को सशक्त बनाती है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आर एस तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चुनने तथा कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। वहीं विशिष्ट अतिथि लोवित भारती (आईएफएस), मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर ने कहा कि देश का भविष्य आज के युवाओं के हाथों में है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा को राष्ट्रहित में समर्पित करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सशक्त भारत की आधारशिला हैं।

विशिष्ट अतिथि स्वामी ऋषभ देवानंद ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सही जानकारी का चयन करने, निरंतर ज्ञान अर्जित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि जल सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन और भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने विद्यार्थियों से शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एमिटी शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास को भी समान महत्व देती है।

समारोह के दौरान सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और गर्व स्पष्ट दिखाई दिया। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि एमिटी विश्वविद्यालय शिक्षा, नवाचार, नेतृत्व और मूल्य आधारित शिक्षण के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की संकल्पना और संपादन विश्वविद्यालय एडमिशन डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर रिसर्च प्रो डॉ एम पी कौशिक, प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष और प्रमुख भी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने क्या कहा -



12 वीं क्लास में आर्ट्स संकाय में 97.8 फीसदी के साथ ग्वालियर में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। स्टेज पर सम्मान मिला बहुत अच्छा लगा। यह सम्मान मेरी मेहनत, माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इतने बड़े मंच पर सम्मान मिलने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है, आगे सीए बनना चाहती हूं।

**वैभवी सिंघल, छात्रा**



12 वीं क्लास मे 95.8 फीसदी के साथ मध्य प्रदेश में चौथी रैंक हासिल की। एमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। इस सम्मान से मुझे आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है। मैं भविष्य में अपने लक्ष्य को हासिल कर देश और समाज के लिए योगदान देना चाहता हूं।

**हर्ष गोयल, छात्र**

# पर्यावरण संरक्षण एवं हरित संकल्प के साथ लगाए गए 150 पौधे

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा शताब्दीपुरम फेस-3 योजना अंतर्गत विकसित पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता एवं वेदप्रकाश शिवहरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्वालियर मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन, उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह, साडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह कुशवाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजौरिया, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वयं पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की. कार्यक्रम के दौरान कुल 150 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्वालियर के संकल्प के साथ हुआ।



# व्हीआईएसएम कॉलेज में किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ परिसर में एक विशाल एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जय इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साईसेंज एण्ड रिसर्च, फार्मेसी महाविद्यालय एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना एवं विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया और 'हर छात्र एक पौधा' के संदेश को आत्मसात किया। कार्यक्रम के दौरान अनेक फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा भविष्य में हमें स्वच्छ हवा, छाव और जीवन देगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एनएसएस के समन्वयक मौजूद रहें।

# पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी : उपाध्याय

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 5 जून.** आईटीएम यूनिवर्सिटी के ईको क्लब, उन्नत भारत अभियान (यूबीए) प्रकोष्ठ, एनसीसी इकाइयों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ, स्कूल ऑफ साइंसेज के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत

▸ **आईटीएम में वृक्षारोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

'वृक्षारोपण और जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'इंस्पायर्ड बाय नेचर, फोर क्लाइमेंट, फोर फ्यूचर' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय शामिल हुए। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीन एकेडमिक प्रोफेसर रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय, डीन एसओएस प्रोफेसर ऋचा कोठारी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. वाणी अग्रवाल, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, लेफ्टिनेंट अमनदीप कौर, ईको क्लब समन्वयक डॉ. विद्यालक्ष्मी, डॉ. दिनेश सिंह तोमर, डॉ. रीता शर्मा, वर्षा सिकरवार, काजोल बट्टा, डॉ. अनुग्या रस्तोगी, डॉ. रेखा वशिष्ठ सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि और आईटीएम के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ.योगेश उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित गतिविधि नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक दिवस प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। डीन एकेडमिक प्रोफेसर रंजीत सिंह तोमर ने छात्र-छात्राओं को सदैव विकास के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीन एसओएस प्रोफेसर ऋचा कोठारी ने कहा कि वृक्षारोण जलवायु की चुनौतियों का सामना करने, वायु गुणवत्ता में सुधार लाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। आईटीएम के तुरारी परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों और फैकल्टीज एवं एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 50 फ्लदार पौधे लगाये.



## एनएसएस ने चलाया वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान

**ग्वालियर 5 जून.** माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने 'एक विद्यार्थी-एक पौधा' अभियान के तहत पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नरेन्द्र, निखिल पांडेय, दिव्यांशु, निखिल, करन, रंजीत, दिनेश, देव, अनिकेत, हेमंत, गुंजन, शानू आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे हैं।

# युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के नवाचार करना चाहिए : प्रवीण शर्मा

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईटीएम में राष्ट्रीय सेवा योजना, ईको क्लब एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा पर्यावरण सम्मेलन 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'युवा नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा सतत पर्यावरण निर्माण' रही।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्रीन इनोवेशन एंड सस्टेनेबल आइडियाज कॉम्पटीशन आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पीपीटी एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन एवं सतत विकास से संबंधित नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एड. भानुप्रताप सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय तथा डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना, संभागीय कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जीवाजी विश्वविद्यालय, मुख्यमंत्री युवा सलाहकार परिषद सदस्य गजेन्द्र सिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रवीण शर्मा ने कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध संचालक, डीन एकेडमिक्स, डीन प्रशासन, डीन रिसर्च, चीफ फाइनेंस ऑफिसर एवं अन्य अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया तथा डॉ दीपेश भरद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

## निकली पर्यावरण रैली

**ग्वालियर, 05 जून।** पर्यावरण की रक्षा के लिए स्वयं सचेत हों और दूसरों को भी इसके लिये जागृत करें। इस आशय के विचार सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर गाँधी उद्यान फूलबाग में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल व चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं गालव विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस को आयोजित हुई पर्यावरण रैली के समापन अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली गई इस रैली का शुभारंभ अचलेश्वर चौराहा पर पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि लोकेन्द्र पाराशर एवं कर्नल डी बी शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर किया। यह रैली सनातन धर्म मंदिर रोड, इंदरगंज, जयेन्द्रगंज, नदी गेट व गुरुद्वारा होते हुए गांधी उद्यान फूलबाग पहुँची.





